# राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
## अकेलगढ़ रावतभाटा रोड, कोटा 724010

फोन (0745)–.2477007 फेक्स (0745)–2477077

क्र0: एफ(2) / प्रबंध मण्डल–46 / 2024 / 3020–35 दिनांक: 02.07.2024

**माननीय सदस्य,**
प्रबंध मण्डल,
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,
कोटा

विषय : प्रबंध मण्डल की 46 वीं बैठक के कार्यवाही विवरण अंतिम रूप से प्रेषित करने बाबत्।

महोदय / महोदया,

निर्देशानुसार राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा की प्रबंध मण्डल की 46वीं नियमित बैठक दिनांक 20,जून 2024 (गुरूवार) को हाइब्रिड मोड (ऑन लाइन / ऑफ लाइन) में सम्पन्न हुई थी, के कार्यवाही विवरण आपके अवलोकन एवं सुझावों, यदि कोई हो के लिए पत्र संख्या 2219–77 दिनांक 21.06.2024 से आपको प्रेषित किया गया था।

उक्त कार्यवाही विवरण पर माननीय विधायकों, संभागीय आयुक्त महोदया, संयुक्त सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, जयपुर एवं नामित सदस्यों से प्राप्त सुझावों के अनुसार उक्त कार्यवाही विवरण संशोधित करते हुए अंतिम रूप से जारी कर आपको प्रेषित किये जा रहे है।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार

भवदीय

कुलसचिव एवं सचिव
प्रबंध मण्डल

# राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा

## प्रबन्ध मण्डल बैठक

## कार्यवाही विवरण

| | |
|---|---|
| बैठक संख्या | : 46वीं बैठक |
| स्थान | : हाईब्रिड मोड (ऑन लाईन/ऑफ लाईन) |
| दिनांक | : 20 जून 2024 (गुरूवार) |
| समय | : प्रात : 11.00 बजे |

# दिनांक 20.06.2024 को सम्पन्न हुई राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के प्रबंध मण्डल की 46वीं नियमित बैठक के कार्यवाही विवरण

माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 20.06.2024 को सम्पन्न हुई राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा की प्रबंध मण्डल की 46वीं नियमित बैठक में निम्नांकित सदस्य उपस्थित रहेः–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री हरिशंकर मेवाड़ा, | सदस्य (प्रतिनिधि,प्रमुख शासन सचिव, तक0शि0) |
| 2. | श्री रोहित दीक्षित | सदस्य (प्रतिनिधि, प्रमुख शासन सचिव, वित्त) |
| 3. | श्री संत कुमार चौधरी | सदस्य |
| 4. | श्री संजीव बिहारी | सदस्य |
| 5. | अनिल कुमार अग्रवाल | सदस्य |
| 6. | प्रो. दिनेश बिरला | सदस्य |
| 7. | प्रो. आर.एस. मीना | सदस्य |
| 8. | प्रो. जे.के. शर्मा | सदस्य |
| 9. | डॉ. शरद माहेश्वरी | सदस्य |
| 10. | डॉ. हरीश शर्मा | सदस्य |
| 11. | श्रीमती संजु तंवर | सदस्य |
| 12. | श्री धीरज कुमार सोनी | सचिव |
| 13. | प्रो. ए.के. द्विवेदी | विशेष आमंत्रित |
| 14. | प्रो. डी.के. पलवलिया | विशेष आमंत्रित |

श्री संदीप शर्मा जी एवं श्री ललित मीणा जी, माननीय विधायक बैठक में उपस्थित नहीं हो सके।

सर्वप्रथम माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करने के पश्चात समस्त माननीय सदस्यों द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया। सचिव, प्रबंध मण्डल द्वारा माननीय सदस्यों का स्वागत करते हुए माननीय अध्यक्ष महोदय से आज्ञा लेने के पश्चात बैठक की कार्यसूची विधिवत रूप से प्रारम्भ की गई।

प्र.म. 46.01 **प्रबंध मण्डल के नये सदस्यों का स्वागत एवं निवर्तमान सदस्यों के योगदान की सराहना।**

श्री सुबीर कुमार, प्रमुख शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, श्रीमती दीप्ति रामचन्द्र मीना, कुलसचिव एवं प्रो. दिनेश बिरला का स्वागत किया जाता है तथा श्री भवानी सिंह देथा, प्रमुख शासन सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा, कुलसचिव एवं प्रो. ए.के.द्विवेदी द्वारा दिये गये योगदान की सराहना की जाती है। प्रबंध मण्डल के सदस्यों की वर्तमान सूची माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकन हेतु प्रस्तुत है।
**(अनुलग्नक 46.1 पृष्ठ 1–2)**

संकल्प **माननीय सदस्यों द्वारा सदस्यों की सूची का अवलोकन किया गया।**

**प्र.म. 46.02** **दिनांक 23 दिसम्बर 2023 को हुई प्रबंध मण्डल की 45 वीं बैठक के कार्यवाही विवरण पारित करना। (अनुलग्नक 46.02 पृष्ठ संख्या 03 से 14)**

**कार्यवाही विवरण माननीय सदस्यों के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।**

**संकल्प** **प्रस्ताव आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक तक स्थगित किया गया।**

**प्र.म. 46.03** **दिनांक 23 दिसम्बर 2023 को हुई प्रबंध मण्डल की 45 वीं बैठक की कार्यपालना रिपोर्ट अवलोकनार्थ एवं अनुमोदनार्थ**

| अनुसूची संख्या | विवरण | की गई कार्यवाही |
|---|---|---|
| प्र.म. 45.01 | प्रबंध मण्डल के सदस्यों की सूची। | अवलोकन किया गया |
| प्र.म. 45.02 | दिनांक 18 मई 2023 को हुई प्रबंध मण्डल की 44 वीं बैठक के कार्यवाही विवरण पारित करना। | अनुमोदन किया गया |
| प्र.म. 45.03 | दिनांक 18 मई 2023 को हुई प्रबंध मण्डल की 44 वीं बैठक की कार्यपालना रिपोर्ट पारित करना। | अनुमोदन किया गया |
| प्र.म. 45.04 | दिनांक 17.10.2023 को सम्पन्न हुई वित्त समिति की 29वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन। | अनुमोदन किया गया |
| प्र.म. 45.05 | विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त/सेवारत शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक कार्मिकों के Rajasthan Technical University GPF-Linked Pension Regulations, 2023 तथा Rajasthan Technical University General Provident Fund Regulations, 2023 अनुमोदन बाबत्। | पत्र संख्या 8057 दिनांक 29.12.2023 से संयुक्त शासन सचिव, त.शि. जयपुर को प्रेषित किया गया। **(अनुलग्नक 46.3 पृष्ठ संख्या 15)** |
| प्र.म. 45.06 | Policy for forwarding the applications for employment elsewhere for Rajasthan Technical University, Kota teaching and non-teaching employees. | आंशिक संशोधन उपरान्त संपुष्टि की गई। |
| प्र.म.45 T.1 | दिनांक 15.12.2023 को सम्पन्न हुई विद्या परिषद की 38वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन हेतु। | अनुमोदन किया गया |
| प्र.म.45 T(R) 1 | संघटक महाविद्यालयों के शिक्षकों को छठे वेतनमान के अंतर्गत आयोजित स्क्रीनिंग सह मूल्यांकन समिति की अनुशंषाओं की कियान्वित संपुष्टि हेतु। | संपुष्टि की गई |
| प्र.म.45 T(R) 2 | विश्वविद्यालय के शिक्षकों को छठे वेतनमान के अंतर्गत आयोजित स्क्रीनिंग सह मूल्यांकन समिति की अनुशंषाओं की क्रियान्विति संपुष्टि हेतु। | संपुष्टि की गई |

उक्त कार्यपालना रिपार्ट माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।

संकल्प **प्रस्ताव आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक तक स्थगित किया गया।**

**प्र.म. 46.04 दिनांक 17.05.2024 को सम्पन्न हुई विद्या परिषद की 39वीं बैठक के कार्यवाही विवरण का अनुमोदन। (अनुलग्नक 46.04 पृष्ठ संख्या 16 से 43)**

**उक्त कार्यवाही विवरण माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।**

संकल्प **त्रयोदश दीक्षान्त समारोह से संबंधित बिन्दुओं को छोड़कर शेष कार्यवाही विवरण आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक तक स्थगित किया गया।**

**प्र.म. 46.05 वर्ष 2022 एवं 2023 में स्नातक, स्नातकोत्तर एवं पी.एचडी. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले विद्यार्थियों को त्रयोदश दीक्षान्त समारोह में उपाधि अनुग्रहित करने के क्रम में।**

बी.टेक., बी.आर्क, बी.एच.एम.सी.टी., बी.बी.ए., एम.बी.ए., एम.सी.ए., के वे सभी विद्यार्थी जिन्होने वर्ष 2022 एवं 2023 तक अपनी सम्बन्धित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, साथ ही दिनांक **30.04.2024** तक उत्तीर्ण/परिणाम जारी हो गये हो, उन्हें विश्वविद्यालय के त्रयोदश दीक्षान्त समारोह में उपाधि अनुग्रहित किया जाना है तथा वर्ष 2023 में उत्तीर्ण एम.टेक. एवं एम.आर्क पाठ्यक्रम के छात्रों को उपाधि प्रदान किये जाने की अर्हता तिथि अकादमिक परिषद् की 39वीं बैठक दिनांक 17.05.2024 के संकल्प संख्या 39.6 के अनुसार (**30.06.2024** तक उत्तीर्ण) निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है। पी.एचडी. पाठ्यक्रम के छात्रों को उपाधि प्रदान किये जाने की अर्हता तिथि अकादमिक परिषद् की 39वीं बैठक दिनांक 17.05.2024 के संकल्प संख्या 39.4 के अनुसार (**20.06.2024** तक उत्तीर्ण) निर्धारित किया जाना प्रस्तावित है।

अतः अनुरोध है कि बी.टेक., बी.आर्क, बी.एच.एम.सी.टी., बी.बी.ए., एम.बी.ए., एम.सी.ए., एम.टेक. एवं एम.आर्क व पी.एचडी. के वे सभी विद्यार्थी जिन्होनें उपरोक्त तिथियों तक अपनी सम्बन्धित परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उन्हें उपाधि अनुग्रहित करने हेतु तथा दीक्षान्त समारोह अध्यादेश सं. 10 के अनुरूप उपाधि/स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने की तिथि दर्ज करने के लिए 39वीं अकादमिक परिषद् की बैठक के निर्णय संख्या 39.4 एवं 39.6 के अनुसरण में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

साथ ही दिनांक 30.04.2024 तक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने वाले ऐसे छात्र जिनका डिग्री रजिस्टर में नाम दर्ज नही हो सका है, को डिग्री प्रदान करने के लिए माननीय कुलपति महोदय को अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

त्रयोदश दीक्षान्त समारोह–2024 हेतु पात्र छात्रों की पाठ्यक्रमवार संख्या प्रबन्ध मण्डल के समक्ष उपाधि अनुग्रहित किये जाने हेतु प्रस्तुत है। **(अनुलग्नक 46.05 पृष्ठ संख्या 44)**

माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

**संकल्प** **माननीय सदस्यों द्वारा उक्त प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया तथा त्रयोदश दीक्षान्त समारोह के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों के वर्ष 2022 एवं 2023 उत्तीर्ण बैच व अन्य योग्य कुल 18257 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करने का अनुमोदन किया गया।**

**प्र.म. 46.06 त्रयोदश दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति स्वर्ण पदक व कुलपति स्वर्ण पदक, योग्य छात्रों को प्रदान किये जाने का अनुमोदन।**

माननीय कुलाधिपति महोदय के कार्यालय से प्राप्त अर्द्धशासकीय पत्र संख्या एफ. 1(39)आरबी / 2016 / 7927 दिनांक 28.09.2016 में दिये गये निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अधिकतम अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी को कुलाधिपति स्वर्ण पदक प्रदान किया जाना है। यह स्वर्ण पदक प्रत्येक वर्ष रोटेशन के आधार पर निर्धारित संकाय के लिए दिया जाना निश्चित किया हुआ है।

माननीय राजभवन के निर्देशों की पालना में विश्वविद्यालय द्वारा अनुपालना रिपोर्ट अपने पत्र संख्या आरटीयू / वीसीएस / एफ(1)5 / 2016 / दिनांक 29.11.2016 द्वारा प्रस्तुत की जा चुकी है। कुलाधिपति स्वर्ण पदक का रोटेशन रोस्टर भी सूचित किया जा चुका है। उक्त आदेश प्रबन्ध मण्डल की 28वीं बैठक की कार्यसूची संख्या 28.03 पर अनुमोदित किये गये। साथ ही प्रबन्ध मण्डल द्वारा कुलाधिपति स्वर्ण पदक के साथ–साथ बी.टेक. पाठ्यक्रम की समस्त ब्रांचों में अधिकतम अंक लाने वाले छात्र को कुलपति स्वर्ण पदक प्रदान किये जाने की भी अनुशंसा की गई थी।

त्रयोदश दीक्षान्त समारोह 2024 में दो सत्रों क्रमशः 2022 एवं 2023 उत्तीर्ण बैच को कुलाधिपति स्वर्ण पदक स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में रोटेशन के आधार पर क्रमशः एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. पाठ्यक्रम में दिया जाना है। अतः वर्ष 2020 एवं 2021 में प्रवेशित क्रमशः एम.बी.ए. एवं एम.सी.ए. पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों में से

अधिकतम अंक लाने वाले विद्यार्थी त्रयोदश दीक्षान्त समारोह 2024 में कुलाधिपति स्वर्ण पदक हेतु योग्य है, जिसने अपना पाठ्यक्रम दिनांक 30.04.2024 तक पूर्ण कर लिया है।

त्रयोदश दीक्षान्त समारोह में कुलाधिपति व कुलपति स्वर्ण पदक के लिए नियमानुसार योग्य अभ्यर्थियों के नाम निम्नानुसार है :–

| क्र.स | उत्तीर्ण वर्ष | कुलाधिपति स्वर्ण पदक | कुलपति स्वर्ण पदक |
|---|---|---|---|
| 1 | 2022 | नयांशी जैन,<br>नामांकन संख्या<br>20M2PDXXF40P627<br>एम.बी.ए. पाठ्यक्रम | दिव्यांशी यादव<br>नामांकन संख्या 18E1AIECF35P018<br>ब्रांचः इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजी0<br>बी.टेक. पाठ्यक्रम |
| 2 | 2023 | नेहा सुराणा,<br>नामांकन संख्या<br>21C2PGXXF40P667<br>एम.सी.ए. पाठ्यक्रम | गज़ल लता,<br>नामांकन संख्या 19E1AIITF40P013<br>ब्रांचः इन्फोर्मेशन टेक्नॉलोजी<br>बी.टेक. पाठ्यक्रम |

**(अनुलग्नक 46.06 पृष्ठ संख्या 45–46)**

माननीय सदस्यों के समक्ष प्रस्ताव अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

संकल्प **माननीय सदस्यों द्वारा त्रयोदश दीक्षान्त समारोह के लिए कुलाधिपति स्वर्ण पदक एवं कुलपति स्वर्ण पदक एवं साथ ही विभिन्न पाठ्यक्रमों के वर्ष 2022 तथा 2023 उत्तीर्ण बैच के योग्य क्रमशः 24 एवं 20 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान करने का अनुमोदन किया गया।**

**प्र.म. 46.07 राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023 अनुमोदन करने हेतु**

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय अधिनियम 2006 की धारा 44 के तहत विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी तैयार कर राज्य विधान–मण्डल के सदन के पटल पर रखे जाने के लिए राज्य सरकार को प्रेषित किया जाना है।

इस हेतु राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा का वार्षिक प्रतिवेदन वर्ष 2023 (31 दिसम्बर 2023 तक) तैयार कर माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदन हेतु रखा जा रहा है। **(संलग्नः बुक–1 वार्षिक प्रतिवेदन)**

**प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकन एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।**

संकल्प **प्रस्ताव अनुमोदित किया गया।**

**BoM 46.08** **In compliance of Office order no RTU/VCS/F(1)2023/3554-58 dated 25.07.2023, the committee constituted has submitted the design for University Flag. (Annexure 46.08 Page No. 47-49)**

**Members are requested to approve the same.**

**Resolution** **Proposal defered till next BoM meeting.**

**प्र.म. 46.08** **कार्यालय आदेश संख्या आरटीयू/वीसीएस/एफ(1)2023/3554–58 दिनांक 25.07.2023 की निरन्तरता में गठित समिति द्वारा विश्वविद्यालय झण्डे की डिजाईन प्रस्तुत कर दी गई है। (अनुलग्नक 46.08 पृष्ठ संख्या 47–49)**

**प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष विचार एवं अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।**

**संकल्प** **प्रस्ताव आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक तक स्थगित किया गया।**

**BoM 46.09** **Introduction of Supernumerary Seats for OCI/Foreign Nationals/ Children of Indian Workers**

The University is aspiring to apply for international ranking. One of the mandatory conditions for such ranking is an "International outlook". The parameter comprises three sub components namely:

1. International Staff / Faculty
2. International Students
3. International Collaboration

As a first step towards creating establishing international outlook, it is proposed to seek AICTE approval for admitting international students as explained in para 2.9 **(Annexure 46.09.1 Page 50-51)** of approval process hand - book 2024-27. The important points are as under:

1. Board resolution for "Introduction / Continuation of supernumerary seats for foreign national/overseas citizen of India (OCI)/ children of Indian workers in gulf countries" as per format 3. **(Annexure 46.09.2 Page 52-58)**
2. Establishment of an office of students counsellor
3. Determination of fee by the competent authority for such students
4. Admission policy on the basis of merit by the state admission authority
5. The granted quota is supernumerary and capped at 15%

6. The courses must be NBA accredited on the date of application to AICTE
7. Adequate hostel facilities for such students

To begin with, it is proposed to complete step 1 of the entire process. It is therefore proposed to adopt as below:

**a. The Board authorizes the University to take necessary action for "Introduction of Supernumerary Seats for OCI/Foreign Nationals/ Children of Indian Workers" in all the courses meeting the eligibility criteria of 80% average enrolment in the last three years and other eligibility.**

**b. This shall be applicable for the University Departments as well as all the university constituent colleges.**

**c. The Vice Chancellor is authorized to take all the decisions and actions required for making arrangements for admissions under the quota.**

**Members are requested to approve the same.**

**Resolution Proposal defered till next BoM meeting.**

**प्र.म. 46.09 भारतीय विदेशी नागरिक (OCI)/विदेशी नागरिकों/भारतीय श्रमिकों के बच्चों के लिए अतिरिक्त सीटों का प्रावधान**

विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग के लिए आवेदन करने का इच्छुक है। ऐसी रैंकिंग के लिए अनिवार्य शर्तों में से एक ''अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण'' है। इस पैरामीटर में तीन उप घटक शामिल हैं :–

1. अंतर्राष्ट्रीय कर्मचारी/संकाय
2. अंतर्राष्ट्रीय छात्र
3. अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण स्थापित करने की दिशा में पहले कदम के रूप में, अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को प्रवेश देने के लिए अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (एआईसीटीई) की मंजूरी लेने का प्रस्ताव है, जैसा कि अनुमोदन प्रक्रिया हैंड–बुक 2024–27 के पैरा 2.9 **(अनुलग्नक 46.09.1 पृष्ठ 50–51)** में दिया गया है। इसके महत्वपूर्ण बिंदु इस प्रकार हैं :–

1. प्रारूप 3 के अनुसार ''विदेशी नागरिकों/भारत के विदेशी नागरिकों ओसीआई)/खाड़ी देशों में भारतीय श्रमिकों के बच्चों के लिए अतिरिक्त सीटों

की शुरूआत/निरंतरता'' के लिए बोर्ड संकल्प प्रस्तुत है। **(अनुलग्नक 46.09.2 पृष्ठ 52–58)**

2. छात्र परामर्शदाता कार्यालय की स्थापना।
3. ऐसे विद्यार्थियों के लिए सक्षम प्राधिकारी द्वारा शुल्क का निर्धारण।
4. राज्य प्रवेश प्राधिकरण द्वारा योग्यता के आधार पर प्रवेश नीति का निर्धारण।
5. उक्त छात्रों के प्रवेश के लिए प्रदत्त कोटा अतिरिक्त है जो कि 15 प्रतिशत तक सीमित है।
6. एआईसीटीई में आवेदन की तिथि पर पाठ्यक्रम एनबीए से मान्यता प्राप्त होना।
7. उक्त छात्रों के लिए पर्याप्त छात्रावास की सुविधाएं है।

अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण स्थापित करने/आरंभ करने के लिए, संपूर्ण प्रक्रिया के चरण 1 को पूरा करना प्रस्तावित है। इसलिए इसे निम्नानुसार अपनाने का प्रस्ताव है :–

(अ) बोर्ड पिछले तीन वर्षों में 80 प्रतिशत औसत नामांकन की पात्रता एवं अन्य पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी पाठ्यक्रमों में ''ओसीआई/विदेशी नागरिकों/भारतीय श्रमिकों के बच्चों के लिए अतिरिक्त सीटों की शुरूआत'' के लिए आवश्यक कार्यवाही करने के लिए विश्वविद्यालय को अधिकृत करना प्रस्तावित है।

(ब) यह विश्वविद्यालय विभागों के साथ–साथ सभी विश्वविद्यालय घटक कॉलेजों पर भी लागू किया जाना प्रस्तावित है।

(स) उक्त कोटा के तहत प्रवेश की व्यवस्था करने के लिए आवश्यक सभी निर्णय और कार्यवाही करने के लिए कुलपति अधिकृत किया जाना प्रस्तावित है।

**उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।**

संकल्प **प्रस्ताव आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक तक स्थगित किया गया।**

प्र.म.(आर)46.01 **एम.एल.वी. टेक्टाईल एंड इंजी. कॉलेज भीलवाडा में कार्यरत प्रदर्शकों को दिये जाने वाले शीलकालीन एवं ग्रीष्मकालीन अवकाश तथा 30 उपार्जित अवकाश के स्थान पर 15 उपार्जित अवकाश दिये जाने बाबत्।**

उपरोक्त संदर्भ में एम.एल.वी. टेक्सटाईल इंजीनियरिंग कॉलेज, भीलवाड़ा का कार्यालय आदेश क्रमांक एफ5/ग्रुप–1(जी)/2024/3942–50 दिनांक 05.02.2024 अवलोकन हेतु प्रस्तुत है। **(अनुलग्नक आर. 46.1 पृष्ठ संख्या 59)**

**उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष संपुष्टि हेतु प्रस्तुत है।**

संकल्प **प्रस्ताव आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक तक स्थगित किया गया।**

प्र.म.(आर)46.02 **राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा अधिनियम 2006 की धारा 17 (ii) के तहत डॉ. दिनेश बिरला, प्रोफेसर इलेक्ट्रिकल्स इंजी. विभाग को डीन स्टूडेंट वेलफेयर पद पर नामित करने बाबत्।**

उपरोक्त प्रस्ताव के क्रम में जारी कार्यालय आदेश आरटीयू/वीसीएस/एफ(1)/2024/9373–83 दिनांक 09.02.2024 माननीय सदस्यों के समक्ष अवलोकन हेतु प्रस्तुत है। **(अनुलग्नक आर. 46.2 पृष्ठ संख्या 60)**

**उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष संपुष्टि हेतु प्रस्तुत है।**

संकल्प **प्रस्ताव आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक तक स्थगित किया गया।**

प्र.म.(आर)46.03 **अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर के 03 नियमित संकाय सदस्यों के सीएएस (एजीपी 7000–8000) उन्नयन/पदोन्नति की संशोधित तिथि की क्रियांन्विति संपुष्टि हेतु।**

अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर के 03 नियमित संकाय सदस्य डॉ. रवि गुप्ता सह आचार्य, इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, डॉ. बच्चू लाल गुप्ता, सह आचार्य, मैकेनिकल इंजीनियरिंग एवं डॉ. नवीन झा, सह आचार्य, गणित के सीएएस (एजीपी 7000–8000) उन्नयन/पदोन्नति की तिथि संशोधन के लिए कुलसचिव, आरटीयू, कोटा द्वारा दिनांक 06.02.2024 को सीएएस (एजीपी 7000–8000) के लिए सीएएस समिति की मीटिंग आयोजित की गई, तथा इसकी अनुशंसा का लिफाफा माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन उपरान्त महाविद्यालय स्तर पर गठित समिति द्वारा खोला गया एवं सीएएस (एजीपी 7000–8000) उन्नयन/पदोन्नति की संशोधित तिथि की अनुशंसा को लागू किया गया। सीएएस उन्नयन/पदोन्नति की संशोधित तिथि के कार्यालय आदेश की प्रति संलग्न। **(अनुलग्नक आर. 46.03 पृष्ठ संख्या 61)**

**उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष संपुष्टि हेतु प्रस्तुत है।**

संकल्प **प्रस्ताव आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक तक स्थगित किया गया।**

**BoM (R) 46.04 Ratification of the recommendations of screening cum evaluation committee for AGP 6000-7000 and 7000-8000 under the sixth pay scale.**

Meeting of Screening Cum Evaluation Committees were organized on 06.02.2024 for the promotion of teachers of Engineering College, Jhalawar under CAS for new and revised cases of AGP 6000-7000 and 7000-8000 with respect to the sixth pay commission. Accordingly, for the implementation of the recommendations of the Screening Cum Evaluation Committee as mentioned above. The officer orders of the

college GECJ/2023-24/369 dated 17.02.2024, GECJ/2023-24/370 dated 17.02.2024 and GECJ/2023-24/371 dated 17.02.2024 have been issued. **(Annexure R-46.04 Page No. 62-64)**

**Members are requested to peruse the same.**

**Resolution** **Proposal defered till next BoM meeting.**

प्र.म.(आर)46.04 **अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड के शिक्षकों को सीएएस हेतु छठे वेतनमान के अंतर्गत 6000–7000 तथा 7000–8000 एजीपी हेतु स्क्रीनिंग सह मूल्यांकन समिति की अनुशंषाओं की क्रियान्विति संपुष्टि हेतु।**

अभियांत्रिकी महाविद्यालय झालावाड के शिक्षकों को सीएएस हेतु छठे वेतनमान के अंतर्गत 6000–7000 तथा 7000–8000 नवीन एवं संशोधित एजीपी में पदोन्नति हेतु दिनांक 06.02.2024 को स्क्रीनिंग सह मूल्यांकन समिति की बैठकें आयोजित की गयी। अतः उपरोक्तानुसार स्क्रीनिंग सह मूल्यांकन समिति की सिफारिशों की क्रियान्विती हेतु महाविद्यालय के कार्यालय आदेश GECJ/2023-24/369 दिनांक 17.02.2024, GECJ/2023-24/370 दिनांक 17.02.2024, तथा GECJ/2023-24/371 दिनांक 17.02.2024 जारी किये गये हैं। **(अनुलग्नक आर. 46.04 पृष्ठ संख्या 62–64)**

**उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष संपुष्टि हेतु प्रस्तुत है।**

संकल्प **प्रस्ताव आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक तक स्थगित किया गया।**

BoM (R) 46.05 **To report the notification of Autonomous Status to Swami Keshwanand Institute of Technology, Management & Gramothan, Jaipur from 2024-25 to 2033-34.**

UGC has issued Conferment for Autonomous Status to Swami Keshwanand Institute of Technology, Management & Gramothan, Jaipur. RTU, in its existing provisions has issued notification for Conferment of Autonomous Status for the period from 2024-25 to 2033-34. **(Annexure R-46.05 Page No. 65)**

**Members are requested to peruse the same.**

**Resolution** **Proposal defered till next BoM meeting.**

प्र.म.(आर)46.05 **स्वामी केशवानन्द इन्सटीटयूट ऑफ टेक्नॉलोजी, मेनेजमेंट एवं ग्रामोथन, जयपुर को शैक्षणिक सत्र 2024–25 से 2033–34 तक की अवधि के लिए स्वायत्ता दर्जा प्रदान करने की अधिसूचना की संपुष्टि हेतु प्रस्ताव।**

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा स्वामी केशवानन्द इन्सटीटयूट ऑफ टेक्नॉलोजी, मेनेजमेंट एवं ग्रामोथन, जयपुर को स्वायत्ता दर्जे के लिए कन्फरमेंट जारी की है। राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा ने अपने मौजूदा प्रावधानों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2024–25 से 2033–34 तक की अवधि के लिए स्वायत्ता दर्जा प्रदान करने की अधिसूचना जारी की है। **(अनुलग्नक आर. 46. 05 पृष्ठ संख्या 65)**

**उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष संपुष्टि हेतु प्रस्तुत है।**

संकल्प **प्रस्ताव आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक तक स्थगित किया गया।**

**BoM (R) 46.06 To report the Establishment of R-CAT Centre.**

An MOU has been signed between R-CAT, DOIT & C, GOR, Jaipur and RTU on dated 20.03.2023 (Copy enclosed). The R-CAT DOIT & C is to establish R-CAT Centre at RTU Kota as per budget declaration. An MOU for a period of five years has also been signed between R-CAT & RTU for establishment of SPOKE Centre in the premises of Dr. Sarvpalli Radhakrishan Bhawan, RTU Kota (Copy enclosed). The R-CAT has issued RFP for establishment of R-CAT Centre. RTU Has handed over the notified space to R-CAT as per terms and conditions of MOU. **(Annexure R-46.06 Page No. 66-79)**

**Members are requested to peruse the same.**

**Resolution Proposal defered till next BoM meeting.**

**प्र.म.(आर)46.06 आर–केट सेंटर की स्थापना की रिपोर्ट करना।**

दिनांक 20.03.2023 को आर–कैट, डीओआईटी एण्ड सी, राज्य सरकार, जयपुर और आरटीयू के बीच एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए हैं (प्रति संलग्न)। बजट घोषणा के अनुसार आर–कैट डी.ओ.आई.टी. एण्ड सी को आरटीयू कोटा में आर–कैट सेंटर स्थापित करना है। इस हेतु डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन भवन आरटीयू के परिसर में स्पोक सेंटर (SPOKE Centre) की स्थापना के लिए आर–कैट और आरटीयू के बीच पांच साल की अवधि के लिए भी एक समझौता ज्ञापन (एम.ओ.यू.) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। **(अनुलग्नक आर. 46.06 पृष्ठ संख्या 66–79)**

आर–कैट ने केन्द्र की स्थापना के लिए आरएफपी जारी किया है। आरटीयू ने एमओयू के नियमों और शर्तों के अनुसार अधिसूचित स्थान आर–कैट को सौंप दिया है।

उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष संपुष्टि हेतु प्रस्तुत है।

संकल्प प्रस्ताव आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक तक स्थगित किया गया।

**BoM (R) 46.07 Ratification of the recommendations of Screening cum Evaluation committee and Selection Committee for granting 6th CPC & selection grade under 5th CPC**

Meetings for implementation the revised pay scales under Career Advancement Scheme (CAS)for the faculty members of MLVTEC, Bhilwara under 6th& 5th CPC were held under the chairmanship of the Hon'ble Vice-Chancellor of Rajasthan Technical University, Kota. The revised grade pay and pay scales are i.e. 7000-8000 (under 6th CPC) and pay scale 12000-420-18300 (under 5th CPC). The agenda also included the formation of a screening-cum-evaluation committee and a selection committee to determine placement according to the pay scales.

Consequent upon recommendations of screening cum evaluation committee meetings held on 10-12 January 2022 and the selection committee meeting held on 03.01.2024 in the case of Dr. Hiren Joshi, Assistant Professor, a case similar to that in the compliance of orders of Hon'ble high court under S B Civil Writ petition 9266/2009, following office orders were issued to facilitate the proceedings of the screening-cum-evaluation and selection committees: **(Annexure R-46.07 Page No. 80-81)**

1. F.5/Gr.5(G)/01 (CAS)/2016/3472-82 dated 25.02.2022
2. F.5/Gr.5(G)/01 (CAS)/2016-Part/356-61 dated May 3,2024

The orders so issued are submitted for ratification.

**Members are requested to ratify the same.**

**Resolution** **Proposal defered till next BoM meeting.**

**प्र.म.(आर)46.07 मा. ला. वर्मा टेक्सटाईल व इंजीनियरिंग कॉलेज, भीलवाड़ा के शिक्षकों को छठे वेतनमान के अन्तर्गत आयोजित स्क्रीनिंग सह मूल्यांकन समिति तथा पाँचवे वेतनमान में सलेक्शन ग्रेड हेतु चयन समिति की अनुशंषाओं की क्रियान्वित संपुष्टि हेतु ।**

विश्वविद्यालय के संघटक महाविद्यालय मा. ला. वर्मा टेक्सटाईल व इंजीनीयरिंग कॉलेज, भीलवाड़ा के शिक्षकों को सी.ए.एस. हेतु छठे सीपीसी के अंतर्गत संशोधित ग्रेड पे 7000–8000 (6 वें सीपीसी) एवं पे स्केल 12000–420–18300 (5वें सीपीसी) के अंतर्गत हेतु स्क्रीनिंग सह मूल्यांकन समिति तथा पाँचवे सीपीसी के अनुसार सी ए एस का लाभ प्रदान करने हेतु चयन समिति की बैठकें माननीय कुलपति महोदय, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी ।

10–12 जनवरी 2022 को आयोजित स्क्रीनिंग सह मूल्यांकन समिति की बैठकों एवं एस बी सिविल रिट पिटीशन 9266/2009 में माननीय उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा पारित आदेश की अनुपालना में डॉ. हिरेन जोशी, सहायक प्रोफेसर के समानार्थी प्रकरण में दिनांक 03.01.2024 आयोजित चयन समिति की सिफारिशों के अनुमोदनोपरांत आवश्यक क्रियान्विती हेतु निम्नांकित कार्यालय आदेश जारी कर दिये गये है : **(अनुलग्नक आर. 46.07 पृष्ठ संख्या 80–81)**

1. F.5/Gr.5(G)/01 (CAS)/2016/3472-82 dated 25.02.2022
2. F.5/Gr.5(G)/01 (CAS)/2016-Part/356-61 dated May 3,2024

उपरोक्तानुसार की गयी क्रियान्विति/जारी आदेशों को माननीय सदस्यगण प्रबंध मंडल के समक्ष संपुष्टि हेतु प्रस्तुत है।

**उक्त प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष संपुष्टि हेतु प्रस्तुत है।**

संकल्प **प्रस्ताव आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक तक स्थगित किया गया।**

**प्र.म. पू0 46.01 वित्त समिति की 30वीं बैठक दिनांक 11.06.2024 के कार्यवाही विवरण तथा वित्तीय वर्ष 2024–25 के बजट अनुमान तथा वित्तीय वर्ष 2023–24 के संशोधित अनुमान का अनुमोदन करने बाबत।**

वित्त समिति की 30वीं बैठक दिनांक 11.06.2024 को प्रातः 11.30 बजे माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आहूत की गई। उक्त बैठक के कार्यवाही विवरण माननीय कुलपति महोदय एवं अध्यक्ष, वित्त समिति द्वारा अनुमोदित किये जाने के उपरान्त दिनांक 11.06.2024 को जारी किये जा चुके हैं। अतः वित्त समिति की 30वीं बैठक के कार्यवाही विवरण माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत हे। **(अनुलग्नक पू0 46.1 पृष्ठ 1–34)**

**अतः वित्त समिति के कार्यवाही विवरण माननीय सदस्यों के अनुमोदनार्थ प्रस्तुत है।**

**संकल्प** **बैठक में निर्णय लिया गया कि वित्त समिति की बैठक आहूत कर वित्त वर्ष 2024–25 के बजट अनुमानों की समीक्षा की जाकर आगामी प्रबंध मण्डल की बैठक में अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किया जावे।**

**प्र.म. 46 T.1** दिनांक 19.6.2024 को माननीय कुलपति महोदय की अध्यक्षता में आयोजित दीक्षांत समारोह की कोर कमेटी की बैठक में लिये गये निर्णयानुसार दीक्षांत समारोह के ऑर्डिनेन्स में ड्रेस कोड का प्रावधान है।

अतः विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में पधारने वाले सम्माननीय अतिथि, माननीय राज्यपाल एवं कुलाधिपति महोदय तथा माननीय कुलपति महोदय हेतु ऑर्डिनेन्स के अनुरूप ड्रेस विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाया जाना प्रस्तावित है।

प्रस्ताव माननीय सदस्यों के समक्ष अनुमोदन हेतु प्रस्तुत है।

**संकल्प** **माननीय सदस्यों द्वारा प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया।**

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई।

27/6/24

**(प्रो. एस. के. सिंह)**
कुलपति एवं अध्यक्ष
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,
कोटा

**(धीरज कुमार सोनी)**
कुलसचिव एवं सचिव
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय,
कोटा